**Title:** Requested to remove 40% import duty on life-saving drugs with special reference to Sedimenural, a drug used after kidney transplantation.

**श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) :** उपाध्यक्ष महोदय, जिन व्यक्तियों के दोनों गुर्दे खराब हो जाते हैं और उनके पास जीने के लिए कोई रास्ता नहीं रहता है, तो रिश्तेदारों से एक गुर्दा ले लेते हैं। गुर्दे का ट्रांसप्लान्ट करने के बाद उनको एक दवा खानी पड़ती है, जिसका नाम है - सैडीमनन्योरल । यह दवा स्विटजरलैंड में बनती है और हमारे देश में स्विटजरलैंड से मंगाई जाती है। पहले इस दवा पर ड्युटी नहीं लगती थी, लेकिन इस साल 40 परसेंट की ड्यूटी लगा दी गई है। न केवल भारत सरकार ने बल्कि दिल्ली की सरकार ने भी 5 परसेंट बिक्री-कर बढ़ा दिया है। इस कारण यह दवा महंगी हो गई है। ऐसी स्थिति में एक मरीज को यह दवा खाने के लिए चार से पांच हजार रुपए हर महीने खर्च करना पड़ता है और कई मरीज ऐसे हैं, जिनकी मासिक आय ही सिर्फ चार-पांच हजार रुपए है। वह मरीज अपने परिवार को खिलाए या वह दवा खाए। लगभग 25 लाख मरीजों ने माननीय प्रधान मंत्री जी को लिखकर दिया है और आग्रह किया है कि जीवन रक्षक दवाई पर 40 परसेंट ड्यूटी हटाई जाए और यह मामला राट्रीय मानवाधिकार आयोग में भी गया है। धन्यवाद. â€¦( व्यवधान)

**श्री अशोक प्रधान (खुर्जा) :** महोदय, मैं भी इसका समर्थन करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ashok Pradhan is associating with him.

Mr. Minister, do you want to respond?

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, I do not know the details. Since this is a very important issue, I will try to get the details. ...(*Interruptions*)